मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 01/07/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --239/2026
01 जुलाई 2026
लोक भवन, रांची
==========================

★ माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन लोक भवन में आयोजित नवनियुक्त सूचना आयुक्तों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए सम्मिलित।
==========================

रांची स्थित लोक भवन में आज आयोजित एक गरिमामय समारोह में माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के नव-नियुक्त सूचना आयुक्तों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, जो संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित प्राधिकारी द्वारा संपन्न कराई गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन विशेष रूप से उपस्थित रहे और पूरे समारोह के साक्षी बने।

समारोह में श्री अनुज कुमार सिन्हा, श्री तनुज खत्री, श्री शिवपूजन पाठक एवं श्री अमूल्य नीरज खलखो ने सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त आयुक्तों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी तथा श्री बैद्यनाथ राम सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं अन्य संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहे तथा सभी ने नवनियुक्त आयुक्तों को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

==========================

#Team PRD(CMO)